राजस्थान–सरकार

# निदेशालय संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर

द्वितीय तल, ब्लाक 6, शिक्षा संकुल, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर

☎: 0141–2704357 📠 : 0141–2704358 email : dir-sans-rj@nic.in

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांकःनिसंशि/खेलप्रकोष्ठ/शैक्ष–2/राजकाज00460/शिविरा पंचांग/2024–25/दिनांक :

1. उप निदेशक,
   राज्य संस्कृत शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान,
   महापुरा, जयपुर।
2. समस्त संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी,
   राजस्थान।
3. प्रधानाचार्य,
   राजकीय/अराजकीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय
   राजस्थान।
4. समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक,
   राजकीय/अराजकीय वरिष्ठ उपाध्याय/प्रवेशिका/ उच्च–प्राथमिक/ प्राथमिक संस्कृत विद्यालय
   राजस्थान।

विषयः–विद्यालय पंचांग सत्र 2024–25 ।

विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2024–25 का विद्यालय पंचांग जारी किया जा रहा है। विद्यालय पंचांग (अवधि 01.07.2024 से 30.06.2025 तक) संलग्न कर लेख है कि अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत पंचांग में वर्णित शैक्षिक एवं सह–शैक्षिक गतिविधियों/क्रियाकलापों/कार्यक्रमों का आयोजन/क्रियान्वयन सुनिश्चित करावें।

संलग्नः पंचांग सत्र 2024–25

(विजय पाल सिंह)
आयुक्त
निदेशालय, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान

प्रतिलिपिः– वेबसाईट प्रभारी, निदेशालय, संस्कृत–शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को भेजकर लेख है, कि उक्त पंचांग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

नोट :–

1. सभी स्तर की प्रतियोगिताएं विभागीय खेलकूद–प्रतियोगिता–नियमावली एवं मार्गदर्शिका 2009 के निर्देशानुसार आयोजित करवायी जाये।
2. संभागीय प्रतियोगिताएँ संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएं निदेशालय द्वारा आयोजित करायी जायेगी।
3. प्रवेशिका–वरिष्ठोपाध्याय छात्र–वर्ग का प्रतियोगिता शुल्क गत सत्र की भॉति नॉडल अधिकारियों के माध्यम से ही जमा कराया जाये।

आयुक्त
निदेशालय, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान

RajKaj Ref 9393730

Signature valid
Digitally signed by Vijay Pal Singh
Designation : Commissioner
Date: 2024.07.31 09:54:52 IST
Reason: Approved

**राजस्थान–सरकार**

**निदेशालय, संस्कृत–शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**

## <u>विद्यालय–पंचांग सत्र–2024–25</u>

राजस्थान के समस्त राजकीय/मान्यता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों तथा संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालयों के लिए सत्र 2024–25 का यह विभागीय पंचांग प्रस्तुत है। इसके अनुसार ही सत्र पर्यन्त विद्यालयीय कार्यक्रम, अवकाश, परीक्षा एवं खेलकूद–प्रतियोगिता आदि का आयोजन अनिवार्य है। किसी विशेष अवसर अथवा कार्यक्रम पर यदि किसी संस्था प्रधान को कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता हो तो वह परिवर्तन संबंधी निवेदन अपने संभाग के संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी को प्रस्तुत करें। संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी मांग के औचित्य की जांच करेंगे तथा उनकी अनुशंषा के आधार पर आयुक्त, संस्कृत–शिक्षा की स्वीकृति के बाद ही संस्था–प्रधान द्वारा परिवर्तन किया जा सकेगा।

### सामान्य निर्देश

1. शिक्षण–सत्र 2024–25 दिनांक **<u>24 जून, 2024</u>** से आरम्भ है तथा सामान्य प्रवेश–प्रक्रिया आरम्भ होगी। नियमित कक्षा शिक्षण 01 जुलाई, 2024 से प्रारम्भ है।
2. प्रवेश की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2024 रहेगी। (कक्षा 9 से 12 हेतु)
3. अनामांकित, ड्राप आउट एवं विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के प्रवेश सुनिश्चित किये जायेंगे।
4. मध्यावधि–अवकाश 27 अक्टूबर से 07 नवम्बर, 2024 तक रहेगा।
5. शीतकालीन–अवकाश 25 दिसम्बर, 2024 से 5 जनवरी, 2025 तक रहेगा।
6. ग्रीष्मावकाश 17 मई, 2025 से 30 जून, 2025 तक रहेगा।
7. वार्षिक परीक्षा/बोर्ड परीक्षा में अन्तिम परीक्षा होने के उपरान्त विद्यार्थियों को आगामी कक्षा में अस्थायी प्रवेश दिया जाये। नवीन सत्र (2025–26) 01 जुलाई, 2025 से प्रारम्भ तथा 01 जुलाई, से 16 जुलाई, से प्रवेशोत्सव का प्रथम चरण होगा।
8. केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समस्त राष्ट्र/राज्य के लिए घोषित अवकाश विद्यालयों में भी मान्य होंगे।
9. यदि किसी क्षेत्र विशेष अथवा वर्ग विशेष/कारण विशेष को आधार बनाकर या किसी विशेष दिन का सेक्शनल/रीजनल अवकाश/स्थानीय अवकाश राज्य सरकार द्वारा घोषित किया जाये तो वह अवकाश संबंधित वर्ग के विद्यालयों/उन विशिष्ट क्षेत्रों पर ही लागू होगा अन्य वर्ग के विद्यालयों पर उक्त अवकाश लागू नहीं होगा।
10. संशिविरा पंचांग एवं राजस्थान–सरकार के पंचांग में उल्लिखित समान अवकाश की तिथि में यदि कोई विसंगति हो तो ऐसी स्थिति में राजस्थान–सरकार के पंचांग की तिथि को सही मानते हुए इस पंचांग में वैसा ही संशोधन माना जाये।
11. सत्रारम्भ एवं सत्रांत की संस्था प्रधान वाक्पीठ का आयोजन संशिविरा–पंचांग में निर्धारित–तिथियों में ही कराया जाना आवश्यक होगा। उक्त आयोजन में किसी भी प्रकार का परिर्वतन आयुक्त, संस्कृत, शिक्षा की अनुमति के बिना नहीं किया जायेगा।
12. बाल सभाओं में वृहद् और सामुदायिक बाल सभाओं में बाल संरक्षण के तहत बाल अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाये तथा बाल विवाह के दुष्परिणाम व बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी जाये व सड़क सुरक्षा की जानकारी दी जाये। इसी प्रकार पीटीएम व एसडीएमसी की बैठकों में भी जन समुदाय के साथ उक्त बाबत चर्चा की जाए।
13. बाल सभाओं/पीटीएम/एसएमसी/एसडीएमसी की बैठको में तम्बाकू निषेध/तम्बाकू मुक्त विद्यालय की गाइड लाईन तथा COTPA ACT 2003 की जानकारी दी जाये ताकि विद्यालय व उसके आस–पास का क्षेत्र तम्बाकू मुक्त रह सके।

RajKaj Ref
9393730
Signature valid
Digitally signed by Vijay Pal Singh
Designation : Commissioner
Date: 2024.07.31 09:54:52 IST
Reason: Approved

14.समस्त विद्यालयों में 01 सितम्बर, 2024 से 15 सितम्बर, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा अनिवार्य रूप से मनाया जावे।

15.शिक्षक मूल्यांकन प्रपत्र (TAF) की प्रथम छःमाही डेटा प्रविष्टि जुलाई से अगस्त–2024 तथा द्वितीय छःमाही डेटा प्रविष्टि जनवरी से फरवरी–2025 (संभावित समय)

16.शाला सिद्धि हेतु स्व मूल्यांकन हेतु संभावित समयावधि जुलाई से अक्टूबर–2024 तथा बाह्य मूल्यांकन हेतु संभावित समयावधि–अगस्त से दिसम्बर–2024

17.CCE/SIQE/FLN हेतु रचनात्मक आकलन सतत रूप से सत्र पर्यन्त किया जाएगा।

18.एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में मनाया जायेगा जिसके तहत कक्षा 06 से 12 तक के प्रत्येक विद्यार्थी को – IFA नीली गोली एव कक्षा 1 से 5 तक प्रत्येक विद्यार्थी IFA गुलाबी गोली खिलाई जायेगी।

**प्रवेश :–**

1. कक्षा–1 में प्रवेश के समय राज्य सरकार द्वारा संशोधित प्रावधानानुसार विद्यार्थियों की आयु 6 वर्ष या उससे अधिक परन्तु 7 वर्ष से कम वर्ष निर्धारित की गई है।
2. राज्य सरकार प्रवेश प्रक्रिया हेतु कोई निश्चित तिथि का निर्धारण कर सकती है। फिर भी आर.टी.ई. अधिनियम – 2009 के अनुसार बालक–बालिकाओं का विद्यालय में प्रवेश वर्ष पर्यन्त हो सकेगा।
3. राज्य कर्मचारी/माता–पिता/अभिभावक के स्थान परिवर्तन की स्थिति में स्थानान्तरण प्रमाणपत्र के आधार पर विद्यार्थी को मध्य सत्र में प्रवेश दिया जाये।
4. यदि परिस्थितिवश बोर्ड द्वारा रोके गये परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित किये जाते हैं तो विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम की घोषणा के 7 दिवस के भीतर प्रवेश दिया जाये। प्रवेश के समय ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठयपुस्तक उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाये।
5. हाउस होल्ड सर्वे में आउट ऑफ स्कूल (OoSc) के रूप में चिन्हित बालक–बालिकाओं की मैनस्ट्रीमिंग हेतु अनामांकित बालक–बालिकाओं के माता–पिता अभिभावकों से सम्पर्क कर उनका आयु अनुरूप कक्षा में प्रवेश कराना, उनके विशेष शिक्षण की आवश्यकता का आकलन करना एवं आवश्यकतानुसार संघनित पाठ्यक्रम के माध्यम से विशेष शिक्षण की व्यवस्था करना सुनिश्चित किया जाए।
6. ड्रॉपआउट, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बालक–बालिकाओं को उनकी आयु के अनुरूप कक्षा में नामांकन पश्चात्, विद्यालय में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बालक–बालिकाओं का फंक्शनल एसेसमेण्ट करवाया जाकर पात्र बच्चों को समग्रशिक्षा–अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क अंग–उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे एवं होम बेस्ड एज्यूकेशन से जोड़े गये बच्चों को उनकी आयु के अनुरूप कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित किया जाये।

**प्रार्थना–सभा**

प्रार्थना–सभा कार्यक्रम हेतु 25 मिनट का समय निर्धारित है, जिसमें की जाने वाली गतिविधियां– राष्ट्रगीत, प्रार्थना, योगाभ्यास, प्राणायाम, सूर्य–नमस्कार, श्लोक–पाठ, समाचार–वाचन, प्रतिज्ञा (यथा संभव संस्कृत में), राष्ट्रगान आदि हैं। प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को प्रार्थना सभा में समस्त कार्मिक एवं विद्यार्थी तम्बाकू का उपयोग नहीं करने की शपथ लेंगे।

RajKaj Ref
9393730

Signature valid
Digitally signed by Vijay Pal Singh
Designation: Commissioner
Date: 2024.07.31 09:54:52 IST
Reason: Approved

## विद्यालय–प्रबन्धन :–

विद्यालय की व्यवस्था एवं प्रबंधन, विद्यालय–प्रबन्धन–समिति/ विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति (एस.एम.सी./एस.डी.एम.सी) द्वारा किया जायेगा। विद्यालय के सुचारु संचालन के लिये समग्र–शिक्षा–अभियान द्वारा निम्नलिखित सुविधायें प्रदान की जायेंगी–

1. राज्य के समस्त राजकीय विद्यालयों में सामान्य शैक्षिक, सह–शैक्षिक भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति एवं पुराने उपकरणों के प्रतिस्थापन तथा विद्यालय स्वच्छता एक्शन प्लान हेतु कम्पोजिट स्कूल ग्राण्ट दिये जाने का प्रावधान है। इस संबंध में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के कम्पोजिट स्कूल ग्राण्ट दिशा निर्देश पत्रांकः रास्कूशिपा/जय/वै.शि/CSG दिशा निर्देश/2020–21/13763 दिनांक 17.08.2020 के अनुसार छात्र संख्या के आधार पर किये गये वित्तीय प्रावधानों के अनुसार इस राशि में से 10 प्रतिशत राशि स्वच्छता एक्शन प्लान हेतु निर्धारित की गई हैं। उपर्युक्त आदेश के तहत शौचालय/मूत्रालयों की साफ–सफाई, पेयजल सुविधा के रख रखाव तथा मध्याह्न भोजन से पूर्व साबुन से हाथ धोने की व्यवस्था एवं स्वच्छता हेतु स्वच्छता अनुदान राशि का उपयोग किया जाये।
2. प्रत्येक विद्यार्थी की शाला–स्वास्थ्य–कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य–जांच की जावे तथा रिकार्ड संधारित किया जावे ।
3. अक्टूबर–2024 से दिसम्बर–2024 तक आयोज्य SMC/SDMC प्रशिक्षण में समिति सदस्यों को सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

## कालाशंवार विभाजनः–

ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवधि में विद्यालय संचालन समयानुरूप अग्रांकित विवरणानुसार कालांशवार 8 कालांश हेतु रहेगा। प्रार्थना सभा तथा मध्यान्तर प्रत्येक हेतु 25 मिनिट का समय निर्धारित है। मध्यान्तर चौथे कालांश के पश्चात होगा।

## समय–सारणी–

**1 एक पारी विद्यालयों हेतु समय सारणी निम्नानुसार होगी –**

| क्र. सं. | विवरण | ग्रीष्मकाल में विद्यालय–संचालन हेतु कालांश–विभाजन | शीतकाल में विद्यालय–संचालन हेतु कालांश–विभाजन |
|---|---|---|---|
| 1. | समयावधि | 1 अप्रेल से 30 सितम्बर | 1 अक्टूबर से 31 मार्च |
| 2. | विद्यालय–समय | 7.30 बजे से 1.00 बजे तक (कुल 5 घण्टे 30 मिनिट) (प्रत्येक कालांश 35 मिनिट) | 10.00 बजे से 4.00 बजे तक (कुल 6 घण्टे ) (01 से 06 कालांश 40 मिनिट तथा 07 से 08 कालांश 35 मिनिट ) |

## विद्यालय–समय संबंधी निर्देश :–

(1) जहाँ तक सम्भव हो विद्यालय एक ही पारी में चलाये जायेंगे। जो विद्यालय वर्तमान में दो पारी में चल रहे हैं तथा विद्यालय का परिस्थितिवश आगामी सत्र में भी दो पारी/आंशिक दो पारी में संचालन आवश्यक है, उनके संस्था–प्रधान पर्याप्त औचित्य के साथ प्रस्ताव संबंधित संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे तथा संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी औचित्य की जांच कर परीक्षणोपरान्त स्पष्ट अनुशंषा सहित संभाग के समेकित प्रस्तावों को 31 जुलाई 2024 तक आयुक्त, संस्कृत–शिक्षा को प्रेषित करेंगे। आयुक्त, संस्कृत शिक्षा से स्वीकृति [illegible] ही विद्यालय दो पारी में चलाने की स्वीकृति प्रदान करेंगे।

RajKaj Ref
9393730
Signature valid
Digitally signed by Vijay Pal Singh
Designation : Commissioner
Date: 2024.07.31 09:54:52 IST
Reason: Approved

नोटः—शैक्षिक गुणवत्ता एवं मनोविज्ञान के मध्यनजर कालांशों में विषय आवंटन काठिन्य स्तर के आधार पर इस प्रकार किया जावे कि अपेक्षाकृत कठिन विषय के बाद सरल विषय का कालांश हो। मुख्य विषयों के लिए शिक्षण का कार्य यथासम्भव प्रथम 6 कालांश में निर्धारित किया जाये। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सहशैक्षिक गतिविधियों यथा — खेलकूद, वाद—विवाद प्रतियोगिता, भाषण, निबंध—लेखन इत्यादि प्रतियोगिताओं पर विशेष ध्यान दिया जाये।

**2. दो पारी में संचालित विद्यालयों का समयः—**

| **क. सं.** | **अवधि** | **शाला संचालन का समय** |
|---|---|---|
| 1. | 1 अप्रेल से 30 सितम्बर तक | प्रातः 07.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक<br>(प्रत्येक पारी 5.30 घण्टे )(प्रत्येक कालांश 35 मिनिट) |
| 2. | 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक | प्रातः 07.30 बजे से सायं 05.30 बजे तक<br>(प्रत्येक पारी 05.00 घण्टे ) (01 सें 05 कालांश 35 मिनिट तथा शेष कालांश 30 मिनिट ) |

(2) दो पारी विद्यालय (प्रवेशिका/वरिष्ठ—उपाध्याय) के संस्था—प्रधान का समय प्रातः 10.00 से सायं 5.00 बजे तक रहेगा। तदनुसार विद्यालय कार्यालय का समय भी उक्तानुसार ही रहेगा। वे अपने स्तर पर स्वेच्छा से कोई परिवर्तन नहीं कर सकेंगे।

(3) राजस्थान—राज्य—शैक्षिक—अनुसंधान एवं प्रशिक्षण—संस्थान—उदयपुर तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा प्रत्येक कक्षा हेतु पुस्तकालय—कालांश निर्धारण किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक छात्र/छात्रा पुस्तकालय सुविधा से लाभान्वित हो। अतः रोटेशन के आधार पर प्रति सप्ताह प्रत्येक कक्षा हेतु पुस्तकालय—कालांश का निर्धारण किया गया है।

नोट :—SSIERTमहापुरा जयपुर द्वारा समय—समय पर जारी दिशा—निर्देशों/कार्यक्रमों का संचालन समस्त विद्यालयों में अनिवार्यतः किया जावें।

(6) राजकीय प्रवेशिका/वरिष्ठ—उपाध्याय—विद्यालयों के भवनों में संचालित राजकीय—प्रवेशिका विद्यालय/वरिष्ठ—उपाध्याय—कक्षायें एवं राजकीय—प्राथमिक / उच्च—प्राथमिककक्षायें निम्नलिखित व्यवस्थानुसार संचालित की जायें:—

| क्र.सं | विद्यालय का प्रकार | पारी | पारी क्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | व0उपा0विद्या0<br>(कक्षा 1 से 12) | (दो पारी) | प्रथम पारी — कक्षा 9 से 12<br>द्वितीय पारी — कक्षा 1 से 8 |
| 2 | व0उपा0विद्या0<br>(कक्षा 9 से 12) | (दो पारी) | प्रथम पारी — कक्षा 11से 12<br>द्वितीय पारी — कक्षा 9 से 10 |
| 3 | व0उपा0विद्या0<br>(कक्षा 6 से 12) | (दो पारी) | प्रथम पारी — कक्षा 9 से 12<br>द्वितीय पारी — कक्षा 6से 8 |
| 4 | प्रवेशिका विद्यालय<br>(कक्षा 6 से 10) | (दो पारी) | प्रथम पारी — कक्षा 9से 10<br>द्वितीय पारी — कक्षा 6 से 8 |
| 5 | प्रवेशिका विद्यालय (प्राथमिक विद्या. सहित ) 1 से 10 तक | (दो पारी) | प्रथम पारी — कक्षा 6 से 10<br>द्वितीय पारी — कक्षा 1से 5 |

यदि एक ही शाला परिसर में दो विद्यालय संचालित हो तथा दो पारी—संचालन की स्वीकृति प्राप्त हो तो प्रवेशिका/वरिष्ठ—उपाध्याय—विद्यालय प्रथम पारी में तथा प्राथमिक/उच्च—प्राथमिक—विद्यालय द्वितीय पारी में संचालित होंगे। संभागीय—संस्कृत—शिक्षा—अधिकारी इसमें कोई परिवर्तन नहीं करेंगे। समन्वित—विद्यालय जो दो या दो से अधिक परिसर में संचालित है, यथा संभव उनकी समस्त कक्षाएं एक ही समय में ( समान पारी में) संचालित की जाएगी।

RajKaj Ref
9393730
Signature valid
Digitally signed by Vijay Pal Singh
Designation : Commissioner
Date: 2024.07.31 09:54:52 IST
Reason: Approved

## सहशैक्षिक गतिविधियॉं :–

1. समस्त सहशैक्षिक गतिविधियों का आयोजन विभागीय–निर्देशों के अनुरूप किया जाये।
2. सभी राजकीय–प्रवेशिका एवं वरिष्ठ–उपाध्याय–विद्यालयों में ''चाईल्ड राईट्स क्लब'' वन एवं पर्यावरण–क्लब, विज्ञान–क्लब, रोड़–सेफ्टी–क्लब एवं टूरिजम क्लब व विभाग द्वारा समय–समय पर जारी क्लब गठन संबंधी निर्देशों के अनुरूप क्लब की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए तथा इन से संबंधित गतिविधियों का संचालन आवश्यक रूप से किया जाए।
3. सभी विद्यालय वार्षिक कार्यक्रम समग्र शिक्षा द्वारा घोषित तिथियों के अनुसार मनायेंगे। विद्यालयों को अपनी प्रतियोगितायें/समाजोपयोगी उत्पादक कार्य (एसयूपीडब्ल्यू) एवं समाज सेवा शिविर/वार्षिक उत्सव सहित अन्य गतिविधियां, (यथा–उत्कृष्ट उपलब्धि प्रदान करने वाले संस्था–प्रधान/शिक्षक एवं विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान इत्यादि) इससे पूर्व समयावधि में समाप्त करनी होंगी। इसके बाद उच्चतम कक्षाओं के संक्षिप्त विदाई समारोह (आशीर्वाद एवं अभिवादन समारोह )एवं "सखा–संगम" जैसे कार्यक्रम ही आयोजित किए जा सकते है। समस्त विद्यालयों में समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर के दौरान गांधीजी द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता संबंधी गतिविधियों की सहज प्रवृत्ति एवं दैनिक वृत्ति के रुप में अंगीकार करने की सीख के विशेष संदर्भ में दैनिक जीवन में स्वच्छता एवं साफ –सफाई की अनिवार्यता विषयक उद्बोधन तथा सामूहिक श्रमदान द्वारा विद्यालय परिसर के सौंदर्यकरण एवं वृक्षारोपण सम्बन्धी गतिविधियां अनिवार्य रूप से सम्मिलित की जावे।
4. संस्कृत शिक्षा विभागीय समस्त विद्यालयों के लिए खेल सामग्री क्रय किये जाने हेतु समग्र शिक्षा अभियान के औपचारिक व वैकल्पिक शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक विद्यालय को 5000/– से 25000/– रूपये तक की राशि का प्रावधान किया गया है। अतः समस्त संस्था प्रधान/संकुल प्रभारी स्थानीय पीईईओ के माध्यम से अपने–अपने विद्यालयों में भी खेल सामग्री क्रय करने हेतु राशि आवंटित करायेंगे।
5. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा संचालित विद्यालय आधारित मूल्यांकन–योजना के अन्तर्गत कक्षा 9 एवं 10 के लिये विद्यालय में संचालित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रवृत्तियों में से एक प्रवृत्ति में प्रत्येक विद्यार्थी को भाग लेना अनिवार्य होगा एवं स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास हेतु सुविधानुसार आयोजित प्रवृत्तियों में से प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम दो प्रवृत्तियों में भाग लेना अनिवार्य होगा।

➢ समस्त विद्यालयों में ''विद्यालय प्रबन्धन समिति (SMC)'' एवं ''विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति (SDMC) '' की बैठकें अनिवार्य हैं। **''समग्र शिक्षा अभियान द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार यह बैठकें प्रत्येक माह अमावस्या के दिन आयोजित की जायेगी।''** अपरिहार्य कारणों एवं अवकाश होने की स्थिति में उपर्युक्त दिनांक पर कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सके तो उसके अगले दिन कार्यक्रम का आयोजन किया जावे। ''विद्यालय प्रबन्धन समिति (SMC)'' एवं ''विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति (SDMC) '' की प्रत्येक माह आयोजित की जाने वाली बैठकों को उद्देश्यपरक बनाने, सफल संचालन एवं मॉनिटरिंग हेतु वर्ष 2024–25 में SMC/SDMC की माह अगस्त, सितम्बर एवं दिसम्बर में 3 बैठकें निर्धारित दिन (अमावस्या) को आयोजित कर SMC/SDMC बैठक के पश्चात्/पूर्व '' समुदाय जागृति दिवस'' के रुप में मनाया जाए । साथ ही अमावस्या के दिन गतिविधियों एवं अध्यापक अभिभावक संघ की बैठक का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक समुदाय जागृति दिवस निम्नानुसार विषय निर्धारित होंगेः–

**बाल विवाह, बाल श्रम, महिला सशक्तिकरण, आपदा प्रबन्धन, स्वच्छता, शौचालय, पेयजल, मिड–डे मील, ठहराव व उपस्थिति, बालिका शिक्षा, जनसहयोग आदि।**

RajKaj Ref
9393730

Signature valid

Digitally signed by Vijay Pal Singh
Designation: Commissioner
Date: 2024.07.31 09:54:52 IST
Reason: Approved

## <u>समुदाय जागृति दिवस के अन्तर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम</u>

1. समुदाय जागृति दिवस कार्यक्रम निर्धारित दिवस के अंतिम चार कालांशों मे आयोजित किये जावें।

2. प्रथम दो कालांश– माता–पिता/अभिभावकों एवं SMC/SDMC सदस्यों की उपस्थिति में बच्चों के लिए गतिविधियां आयोजित की जायेगी। इसके अन्तर्गत छात्र–छात्राओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन, भाषण, वाद–विवाद, नृत्य, निबन्ध लेखन, श्रुति लेखन, पत्र वाचन, चित्रकला प्रतियोगिता, पेन्टिंग प्रतियोगिता, नैतिक प्रवचन आदि का आयोजन किया जायेगा। ( जो निम्न विषयों में से संबंधित होगें:– बाल विवाह, बाल श्रम, महिला सशक्तिकरण, आपदा प्रबन्धन, स्वच्छता, शौचालय, पेयजल, मिड–डे मील, ठहराव व उपस्थिति, बालिका शिक्षा, जनसहयोग आदि) विषयों पर चर्चा की जायेगी। इसके अलावा विद्यार्थी हित एवं रूचि के अनुसार अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जा सकती हैं।

3. अंतिम दो कालांश– एसएमसी कार्यकारिणी समिति/एसडीएमसी की बैठक आयोजित की जायेगी, साथ ही अभिभावक–शिक्षक बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति के बारे में शिक्षकों से चर्चा करेंगे।

4. समुदाय जागृति दिवस के दौरान आयोजित की जाने वाली एसएमसी/एसडीएमसी बैठक का रिकार्ड विद्यालय में अवलोकन के लिए सुरक्षित रखा जावे।

**6.** ''विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी)'' एवं विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति (एसडीएमसी)'' हेतु गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद जयपुर से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप किया जाऐगा।

### ➢प्रबोधन एवं प्रबन्धन :–

1. एकीकृत–जिला–शिक्षा–सूचना–प्रणाली के अन्तर्गत 30 सितम्बर के आधार पर जिले के राजकीय/केन्द्रीय/निजी आदि समस्त विद्यालयों जिनमें कक्षा 1–12 तक के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, शैक्षिक नियोजन की दृष्टि से उनकी विभिन्न सूचनाएं यथा विद्यार्थियों/शिक्षकों/विद्यालयों की श्रेणीवार संख्या आदि संकलित की जावे। सभी शिक्षक/संस्था–प्रधान यू डॉइस सूचना संकलन प्रपत्र की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करें।
2. कल्प–कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में कम्प्यूटर–लैब का रखरखाव विद्यालयों को समग्र शिक्षा अभियान से उपलब्ध कराई जा रही स्कूल फेसिलिटी ग्राण्ट /मैन्टीनेन्स ग्राण्ट से विद्यालय द्वारा करवाया जावे एवं लैब को सुरक्षित करते हुए विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों हेतु प्रति सप्ताह अधिकतम दो–दो कालांश प्रति कक्षा लगवाये जावे एवं विद्यालय में उपलब्ध (देववाणी एप पर) ई–कन्टेन्ट (विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी) से सम्बलन किया जाये।
3. राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्था (SCERT) उदयपुर के विज्ञान एवं गणित विभाग द्वारा सत्र के प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह में निर्धारित समयानुसार विज्ञान मेला, जनसंख्या शिक्षा आधारित प्रशिक्षण विज्ञान, गणित एवं एन.एम.एम.एस से संबंधित कुल 8 वी सी (वर्ष भर) आयोजित की जावेगी।
4. एस एस आई ई आर टी महापुरा जयपुर द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों (वीसी/प्रशिक्षण/प्रदर्शनी) आदि की पालना भी प्रत्येक विद्यालय द्वारा किया जाना अनिवार्य है।

RajKaj Ref
9393730
Signature valid
Digitally signed by Vijay Pal Singh
Designation : Commissioner
Date: 2024.07.31 09:54:52 IST
Reason: Approved

## आई.सीटी एवं डिजिटल पहल

A.समग्र शिक्षा द्वारा संचालित गतिविधियों के अन्तर्गत आई.सी.टी कम्प्यूटर लैब का संचालन एवं रख–रखाव

- प्रतिदिन कम्प्यूटर लैब का उपयोग जरूर हो जिससे समस्त उपकरण कियाशील रहें।
- प्रत्येक विद्यार्थी को कम्प्यूटर कक्ष के उपयोग का अवसर दें और सामान्य कम्प्यूटर ज्ञान दिया जावें एवं कम्प्यूटर के माध्यम से विषय शिक्षण करवाया जाये।
- यदि उपकरण वारन्टी या गारन्टी में हों तो संबंधित सेवा प्रदाता कम्पनी से दूरभाष/ई–मेल इत्यादि पर सम्पर्क कर उपकरण ठीक करवाया जाना सुनिश्चित करें।
- कम्प्यूटर लैब उपकरणों का बीमा करवायें।

B.विद्यार्थियों हेतु पाठ्य सामग्री उपलब्धता–

- संचालित आईसीटी कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास रूम तथा रोबोटिक्स लैब प्रभारी की नियुक्ति की जावे।
- जिन विद्यालयों में राजकीय बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक कार्यरत नहीं हैं उन विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर व्याख्याता/वरिष्ठ अध्यापक (विज्ञान/गणित/अन्य शिक्षक) को लैब प्रभारी नियुक्त किया जावे।
- लैब प्रभारी विद्यालय में आईसीटी कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से e-kaksha channel-E-content-Mission Gyan E-content Apps/Youtube channel/Hard drive/Diksha RISE Portal आदि पर उपलब्ध ई–कंटेन्ट से विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य का सम्पादन करेंगे।
- लैब प्रभारी के द्वारा रजिस्टर में लैब के प्रयोग से संबंधित e-kaksha channel-E-content-Mission Gyan E-content Apps/Youtube channel/Hard drive/Diksha RISE Portal आदि का उपयोग विद्यार्थियों द्वारा किये जाने का दिनांक, कक्षा एवं कालांश एवं विषय का रिकार्ड रजिस्टर का संधारण किया जाना है।
- लैब प्रभारी द्वारा कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों को Word, Spead sheet (Exel), Power Point presentation, Internet एवं ई–मेल आदि से संबंधित जानकारी दी जानी है।
- लैब प्रभारी द्वारा शाला दर्पण पोर्टल पर "आ.ई.सी.टी लैब स्टेटस मॉड्यूल" की पूर्ति की जानी है।

C.रोबोटिक लैब्स

इलेक्ट्रोनिक घटकों के साथ रोबोटिक्स लैब बुनियादी घटकों, सेन्सर, इनपुट, आउटपुट, तार, कनेक्टर, यांत्रिक सामान सहित इलेक्ट्रोनिक सामग्री और कोडिंग के साथ बुनियादी प्रोजेक्ट बनाने के लिए यह कार्यक्रम संचालित किया जाना है।

## उत्सव एवं अवकाश :–

1. प्रत्येक माह में अंकित उत्सव अनिवार्यतः मनाये जाये।
2. शिविरा पंचांग में अंकित जयन्ती/उत्सव प्रार्थना सभा व प्रथम कालांश में ही आयोजित किये जायें।
3. विभाग स्तर से जारी निर्देशों के अनुरूप किसी भी सप्ताह में आने वाले वृहद् उत्सवों/कार्यक्रमों को आगामी द्वितीय/चतुर्थ शनिवार (No Bag Day) के अन्य कार्यक्रम के साथ मनाया जाये।
4. 15 अगस्त, 26 जनवरी, 02 अक्टूबर तथा संस्कृत–दिवस (श्रावणी–पूर्णिमा) को पूर्ण अवकाश होते हुए भी उत्सव मनाया जाना अनिवार्य है। शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की स्वयं के विद्यालय में उपस्थिति अनिवार्य है।
5. 02 अक्टूबर का उत्सव उसी दिन ही मनाया जाये। इस दिन विद्यार्थियों द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित नाटक, कविता, अभिनय आदि गतिविधियां/[illegible] गांधीजी के जीवन तथा गांधी दर्शन से संबंधित डॉक्यूमेंट्री, फीचर फिल्म अथवा अन्य [illegible] साहित्य से सम्बन्धित दृश्य सामग्री का प्रदर्शन विद्यार्थियों द्वारा गांधीजी के जीवन चरित्र एवं मूल्यों से प्रेरणा ग्रहण करने के उद्देश्य से करवाया जाए।

RajKaj Ref
9393730
Signature valid
Digitally signed by Vijay Pal Singh
Designation: Commissioner
Date: 2024.07.31 [illegible]:54:52 IST
Reason: Approved

6. मध्यावधि–अवकाश, शीतकालीन–अवकाश तथा ग्रीष्मावकाश में विद्यालयों के मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी केवल राजपत्रित अवकाश का ही उपभोग करेंगे।
7. प्रत्येक संस्था–प्रधान इस पंचांग में निर्दिष्ट अवकाशों के अतिरिक्त सत्र में दो दिवसों का अवकाश घोषित कर सकते हैं, जिनमें से एक मध्यावधि–अवकाश से पहले व दूसरा मध्यावधि–अवकाश के बाद किया जाये। संस्था–प्रधान इसकी सूचना 31 जुलाई, 2024 से पूर्व संबंधित संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी/संकुल प्रभारी को भेजें। अवकाश हेतु दिवसों का चयन करते समय यह ध्यान में रखा जाये कि महत्वपूर्ण विद्यालयीय कार्यक्रम अप्रभावित रहे।
8. जिला कलक्टर द्वारा घोषित अवकाश संबंधित जिले के विद्यालयों में ही मान्य होंगे।

## संस्कृत–दिवस :–

1. श्रावणी–पूर्णिमा, रक्षाबन्धन के उपलक्ष्य में संस्कृत–दिवस–उत्सव मनाना अनिवार्य है। इसमें शिक्षकों/विद्यार्थियों एवं विद्यालय के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी , साथ ही विभागीय निर्देशानुसार संस्कृत–सप्ताह का आयोजन किया जायेगा।
2. जुलाई माह को ''संस्कृत सम्भाषण मास'' के रूप में आयोजित किया जावे, जिससे संस्कृत विद्यालयों में संस्कृत मय वातावरण का निर्माण हो सके।

**मूल्यांकन एवं परीक्षा :–**

1. **प्रथम परख, द्वितीय परख एवं तृतीय परख का आयोजन निम्नानुसार किया जाना है।**

| क्र.सं. | कालांश | विवरण |
|---|---|---|
| 01 | प्रथम व द्वितीय कालांश | शिक्षण कार्य |
| 02 | तृतीय व चतुर्थ कालांश | परख का अयोजन |
| 03 | पंचम व षष्ठ कालांश | शिक्षण कार्य |
| 04 | सप्तम व अष्टम कालांश | परख का आयोजन |

2. कक्षा– 6 से 12 की परख, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक–परीक्षा एवं पूरक–परीक्षाएं (कक्षा 8 में डाइट तथा कक्षा–5 की प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन व कक्षा 10 एवं 12 में वार्षिक परीक्षा के स्थान पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा ली जाएगी) इस पंचांग के अनुसार सम्पन्न की जायें तथा परीक्षा परिणामों की घोषणा तथा विद्यार्थियों को प्रगति पत्रों का वितरण 16 मई, 2025 को अनिवार्य रूप से कर दिया जावे।
3. कक्षा 1 से 5 में SIQE के अन्तर्गत CCE के तहत तीन योगात्मक आंकलन अग्रांकित विवरणानुसार सम्पादित किए जाएंगे।

| टर्म | पाठ्यक्रम विभाजन | योगात्मक आकलन आयोजन माह |
|---|---|---|
| प्रथम | लगभग 45 % | द्वितीय सप्ताह माह सितम्बर 2024 |
| द्वितीय | लगभग 40 % | द्वितीय सप्ताह माह जनवरी 2025 |
| तृतीय | लगभग 15 % | द्वितीय सप्ताह माह अप्रैल 2025<br>बोर्ड परीक्षा से पूर्व |

4. सभी स्तर के विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक–परीक्षा के लिए क्रमशः एक तथा दो दिवसों का परीक्षा–तैयारी–अवकाश रहेगा। इन दिनों में विद्यालय खुलेंगे और अध्यापक एवं मंत्रालयिक कर्मचारी परीक्षा के अभिलेख तथा व्यवस्था–संबंधित कार्य पूर्ण करेंगे। इस प्रकार का अवकाश रविवार अथवा अन्य राजपत्रित अवकाश को छोड़कर किया जाये।
5. माध्यमिक–शिक्षा–बोर्ड, राजस्थान द्वारा आयोज्य कक्षा 10 एवं 12 की परीक्षा में प्रविष्ट [illegible] वाले विद्यार्थियों हेतु 14 दिवस का परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश रहेगा। उक्त अवधि में विद्यार्थियों हेतु आवश्यकतानुसार विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जायेगा।
6. एस.आई.क्यू.ई./सीसीई संचालित समस्त विद्यालयों में पारम्परिक [illegible] होकर सतत एवं व्यापक–मूल्यांकन–प्रक्रिया से ही मूल्यांकन किया जाएगा।

RajKaj Ref. 9393730
Signature valid
Digitally signed by Vijay Pal Singh
Designation : Commissioner
Date: 2024.07.31 09:54:52 IST
Reason: Approved

7. विशेष आवश्यकता वाले बालक–बालिकाओं के नियमित प्रक्रिया के संबंध में राजस्थान–सरकार स्कूल–शिक्षा–विभाग, प्रारम्भिक–शिक्षा (शिक्षा–आयोजना) अनुभाग के परिपत्र क्रमांक पं. 14(3)प्रा. शि/आयो./2014 जयपुर दिनांक 27.10.2014 की पालना की जाये।

**पूरक परीक्षा :–** संस्कृत शिक्षा के अधीन कक्षा 9 एवं 11 की पूरक परीक्षाओं का आयोजन आगामी सत्र 2025–26 के जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में किया जाये। परीक्षा परिणाम 10 जुलाई 2025 तक आवश्यक रूप से घोषित कर प्रगति पत्र वितरित कर दिए जाएं।

## NO BAG DAY

**1.** NO BAG DAY का उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं अन्तर्निहित क्षमताओं को पहचान कर अध्ययन अध्यापन के पारम्परिक तरीकों से इतर सहगामी क्रियाओं के माध्यम से सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को आनन्ददायी बनाना है। `` NO BAG DAY`` माह के प्रत्येक द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को मनाया जाना है।

**2.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत टास्क संख्या 147 की क्रियान्विति के क्रम में `` NO BAG DAY`` पर प्रत्येक संकुल प्रभारी/पीईईओ परिक्षेत्र में स्थानीय स्तर पर अपने क्षेत्र विशेष में दक्षता रखने वाले व्यक्तियों को विद्यालय से जोड़ कर विद्यार्थियों को उनके अनुभव का लाभ दिये जाने हेतु `` NO BAG DAY`` दिवस पर 1 घण्टे का सामूहिक सत्र आयोजित किया जाना है। इस हेतु निम्नांकित दिशा निर्देशों के अनुरूप क्षेत्र विशेष में अनुभव रखने वाले स्थानीय स्तर पर विविध क्षेत्रों से जुड़े व्यक्तियों की पहचान की जाये एवं सूची बनाकर संकुल प्रभारी/पीईईओ द्वारा सत्र भर का कार्यक्रम निश्चित किया जावे।

(i)स्थानीय स्तर के लोक/शिल्प कलाकार जैसे बढ़ई, लौहार, रंगरेज, कलाकार आदि कृषि कार्य से जुडे हुए व्यक्तियों Master Instructor के रूप में आमंत्रित किया जावे।

(ii) व्यापारी अथवा क्षेत्र विशेष के प्रतिभा संपन्न सेवानिवृत व्यक्तियों को आमंत्रित किया जावे।

(iii) बच्चों के नैतिक विकास के लिये क्षेत्र में स्थानीय क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर किसी समाज सेवक, विचारक अथवा उपदेशक के साथ–साथ किसी प्रेरणादायी व्यक्ति जैसे प्रशासनिक अधिकारी, डिफेन्स के अधिकारी अथवा बैंक, डाकघर, अस्पताल आदि के अधिकारियों व कार्मिकों, ग्राम सेवक, पटवारी एवं सरपंच आदि को आमंत्रित किया जावे।

(iv) Master Instructor द्वारा उनके संबंधित विभाग/कार्यक्षेत्र की जानकारी से बच्चों को लाभान्वित किया जावे एवं उनके कार्यों के संबंध में प्रयुक्त औजार एवं प्रक्रिया की भी सामान्य जानकारी दी जा सकती है।

(v) स्थानीय स्तर पर व्यावहारिक ज्ञान रखने वाले उक्त व्यक्तियों को स्व प्रेरणा के आधार पर विद्यालय से संबद्ध किया जाना चाहिए। इस हेतु इन्हें किसी मानदेय अथवा राशि का भुगतान नहीं किया जाना है।

(vi) विद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पर्व वार्षिकोत्सव के दौरान Master Instuctor को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया जावे।

(vii) संकुल स्तर पर सत्र भर के लिए स्थानीय व्यक्तियों की सूची बनाकर कार्यक्रम निश्चित किया जावे।

**3.** `` NO BAG DAY`` के साथ किशोरी सशक्तीकरण की गतिविधियां (मीना राजू मंच एवं गार्गी मंच का संचालन) (कक्षा 6 से 12के समस्त नामांकित विद्यार्थी)

**4.** विद्यालय में स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु एवं विद्यार्थियों में स्वच्छता का भाव लाने के उद्देश्य से कक्षा 7 एवं उसके ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक दूसरे `` NO BAG DAY`` के दिन लगाये गये पौधों की सार–संभाल करेंगे।

**5.** यह दिवस विद्यालय के कार्य दिवसों में गिना जाएगा लेकिन विषयवार कालांश निर्धारण अलग से जारी किया जाएगा।

RajKaj Ref
9393730

Signature valid
Digitally signed by Vijay Pal Singh
Designation: Commissioner
Date: 2024.07.31 09:54:52 IST
Reason: Approved

